मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 32, मुंबई, गुरुवार, 21 मार्च, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
# मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू ★ बदाम बर्फी
काजू कतली ★ मलाई पेड़े
काजू रोल ★ रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

**रमजान मुबारक हिजरी 1445 साल 2024**

**मुंबई और आसपास के इलाकों में टाईम**

रोजा दसवां (10) 21 मार्च 2024 गुरुवार


खत्मे शहेरी : 5:19 A.M
**रोजे की निय्यतः** नवयतो अन असुमा गदल लिल्लाही तआला मिन फर्जी रमजान।

वक्ते इफ्तार : 6:52 P.M
**इफ्तार की दुआः** अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतो वबेका आमनतो वइलयका तवकल्लतो व आला रिजकेका अफ्तरतो फतकब्बल मिन्नी।

रमजान का (1 से 10 रोजा) पहेला असरा रेहमत का होता है।

# भूषण गगरानी बने बीएमसी के नए बॉस

## ठाणे और नवी मुंबई महापालिका को भी मिले नए कमिश्नर



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई और उसके उपनगरों में बड़े प्रशासनिक बदलाव किए गए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कमिश्नर इकबाल सिंह चहल समेत कई महापालिकाओं के प्रमुख को बदल दिया गया है। दरअसल केंद्रीय चुनाव आयोग के आदेश के बाद महाराष्ट्र सरकार ने कई बड़े प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला किया है। आईएएस भूषण गगरानी को बीएमसी का नया कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वहीं, पड़ोसी जिले ठाणे महापालिका की कमान सौरभ राव को सौंपी गई है। इसके साथ ही कैलास शिंदे को नवी मुंबई महापालिका का कमिश्नर बनाया गया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को मुंबई नगर निगम के मौजूदा शीर्ष अधिकारियों को हटाने का आदेश दिया था। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्रः स्कूल शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड का विरोध

## शिक्षक संघ ने की आदेश वापस लेने की मांग



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्यभर में स्कूल शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू करने का फैसला किया है। जिसके चलते शिक्षकों में रोष है। महाराष्ट्र राज्य शिक्षक परिषद ने शिक्षकों के लिए अनिवार्य ड्रेस कोड का आदेश वापस लेने की मांग की है। शिक्षक संघ ने शिक्षा निरीक्षक कार्यालय (मुंबई) जाकर विरोध जताया है और निवेदन पत्र सौंपा है। महाराष्ट्र राज्य शिक्षक परिषद (मुंबई) के कार्यवाह शिवनाथ दराडे ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड को अनिवार्य कर दिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# तस्करों की पहली पसंद बना मुंबई एयरपोर्ट!

## 100 करोड़ की कोकीन के बाद अब 24 तोला सोना जब्त



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** देश में तस्करी पर लगाम लगाने के लिए तमाम एजेंसियां चौबीसों घंटे मुस्तैद हैं। जिस वजह से नशीले पदार्थों से लेकर सोने जैसी कीमती वस्तुओं की करोड़ों की तस्करी नाकाम हो रही है। इसी क्रम में मुंबई एयरपोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने लगभग 100 करोड़ रुपये की 9.829 किलो कोकीन जब्त की है। इस मामले में इंडोनेशियाई और थाई मूल की दो महिला यात्रियों को गिरफ्तारी किया गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**डीआरआई अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों की मदद से ग्रेटर नोएडा में जाल बिछाया। उन्होंने नाइजीरियाई मूल के मास्टरमाइंड की पहचान की, लेकिन इससे पहले कि उसे पकड़ते वह अधिकारियों को धक्का देकर भाग गया। हालांकि, डीआरआई की टीम ने उसका पीछा किया और उसे उसके साथी के साथ पकड़ लिया। पीछा करने के दौरान अधिकारियों के साथ-साथ आरोपी भी मामूली रूप से घायल हो गया।**

# महाराष्ट्र में बड़ा हादसा

## रेलिंग तोड़कर 50 फीट नीचे नदी में गिरी बस, 20 यात्री गंभीर



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के परभणी जिले में बड़ी दुर्घटना हुई है। जिंतुर से सोलापुर जा रही सरकारी बस सुबह एक पुल से नीचे नदी में गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसा जिंतुर शहर के पास हुआ। हादसे में करीब 30 यात्री घायल हो गए हैं। इनमें से पांच से सात यात्रियों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। उन्हें इलाज के लिए परभणी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे सोलापुर जा रही राज्य परिवहन निगम की बस अकोली के पास पुल से 50 फीट गहराई में गिर गई। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## हमारी बात

### चुनाव में चर्चा नहीं

**देश में आम चुनाव का माहौल है। अनगिनत गारंटियां जनता के सामने रख रही हैं। लेकिन इनमें स्वच्छ वातावरण किसी पार्टी की प्राथमिकता नहीं है, जबकि प्रदूषण रिकॉर्ड तोड़ रहा है। भारत दुनिया के सर्वाधिक वायु प्रदूषण वाले तीन देशों में टाप पर है।**

नई दिल्ली फिर दुनिया की सबसे अधिक प्रदूषित राजधानी बन गया है। बिहार के बेगूसराय को दुनिया में सर्वाधिक प्रदूषित स्थान घोषित किया गया है। इनके अलावा भारत दुनिया के सबसे अधिक वायु प्रदूषण वाले तीन देशों में शामिल पाया गया है। बाकी दो देश पाकिस्तान और बांग्लादेश हैं। ये तथ्य विश्व स्वास्थ्य संगठन और स्विट्जरलैंड की संस्था एक्यू एयर की रिपोर्ट से सामने आए हैं। मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए वायु प्रदूषण के खतरे जग-जाहिर हैं। इस रूप में यह आम जन की जिंदगी से सीधे तौर पर जुड़ी हुई समस्या है। हालात कितने गंभीर हैं, इस पर गौर कीजिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के डेटा के मुताबिक भारत में 2023 में 2022 के मुकाबले वायु प्रदूषण और बढ़ गया। देश में पीएम-2.5 का स्तर संगठन के मानक से करीब 11 गुना ऊपर पाया गया। पीएम-2.5 हवा में मौजूद छोटे कण होते हैं, जो फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के मुताबिक पीएम-2.5 का औसत सघनता पांच माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। पिछले साल प्रदूषण किस तेजी से बढ़ा भी यह ध्यान देने योग्य है। 2022 में भारत आठवां सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला देश था। पाकिस्तान तब भी तीन सबसे खराब स्थिति वाले देशों में शामिल था। लेकिन 2023 में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिल कर दुनिया के तीन सबसे ज्यादा प्रदूषित देश रहे। ये रिपोर्ट उस समय आई है, जब भारत में आम चुनाव का माहौल है। पार्टियां विभिन्न मुद्दे उछाल रही हैं और अनगिनत गारंटियां जनता के सामने रख रही हैं। लेकिन इनमें स्वच्छ वातावरण किसी पार्टी की प्राथमिकता नहीं है। संभवतः इसलिए कि इस मुद्दे से उन्हें वोट मिलने की उम्मीद नहीं होगी। इस पहलू का संबंध इस मुद्दे पर जागरूकता की स्थिति से है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। अपने देश में उन मसलों को लेकर जागरूकता का अभाव बना रहता है, जिनका सीधा रिश्ता लोगों की अपनी जिंदगी से होता है। जबकि भावनात्मक मुद्दों पर लोग भड़कते रहते हैं। नतीजा है कि राजनीतिक दलों के भी असल मुद्दे मायने नहीं रखते। और उसका परिणाम है कि हम दूषित वातावरण में जीने को मजबूर हैं।

# इस्लामिया मस्जिद भौआड़ा में आज तरावीह में क्या पढ़ा, पारा नंबर नौ

**संवाददाता/मो सालिम आजाद**



**दीन** के दुश्मन तुम्हें अल्लाह के रास्ते से हटाने की कोशिश करें तो उनकी हरगिज न सुनो। याद रखो सबसे बड़ी नेमत है अल्लाह का दीन इस्लाम। तुम को कुफ़्र के बजाए इस्लाम का रास्ता मिल गया, इस रास्ते को कभी न छोड़ना। अल्लाह पर भरोसा रखो, उससे मदद मांगो। लोग तुम्हें तरह-तरह से डराएंगे, उनकी बातों पर कान न धरना। पूरी खैरख्वाही के साथ अल्लाह का पैगाम पहुँचाते रहो मुखालिफ (विरोधी) तुम्हारे लिए बुरा चाहेंगे लेकिन तुम उनके लिए अच्छा चाहो। तंगी और मुसीबत में आजिजी के साथ अल्लाह की तरफ रुजू करो। हालात अच्छे हो जाएँ तो भी अपने रब को याद करते रहो। तुम्हारे ईमान की सच्चाई में कभी फर्क न आए। अल्लाह की नाराजगी से बचने की फि क्र करो । अल्लाह की तरफ से कभी बेखौफ न रहो। अल्लाह आसमान व जमीन की बरकतों के दरवाजे खोल देगा। पिछली कौमों में ज्यादातर लोगों ने अहद का खयाल नहीं रखा, बुराई के रास्ते को इख्तियार किया, अल्लाह के दीन को झुठलाते रहे, तुम उनकी रविश (तरीके) से दूर रहो।

फि रऔन के जादूगर किस तरह अपने दीन पर कायम रहे, उनके वाकि ये से सबक लो। रब की निशानियाँ सामने आ गईं तो फौरन ईमान लाए और इतना सच्चा पक्का ईमान ले आए कि फि रऔन की किसी धमकी की परवाह न की। एक वक़्त था वे फि रऔन के सामने मामूली ईनाम के लिए हाथ फैलाए खड़े थे। देखते ही देखते उनके दिल की दुनिया ऐसी बदली की सारी दुनिया उनकी निगाहों में हेच (तुच्छ) हो गई और वे रब की खुशी के दीवाने हो गए। उनकी इस प्यारी दुआ को अपने दिल की तमन्ना बना लो - ऐ-रब हम पर सब्र उंडेल दे और हमें दुनिया से उठा तो इस हाल में कि तेरे फरमाबरदार हों।

दीन के दुश्मन हमेशा प्रोपगेंडा करते हैं कि ये लोग जमीन में फसाद फैलाने वाले हैं, तुम उनके प्रोपगेंडे की परवाह न करो। अल्लाह से मदद मांगो, सब्र करो और तकवा का तरीका इख्तियार करो, आखिरी अंजाम तुम्हारे हक में होगा। बनी-इस्राईल ने अल्लाह की कैसी-कैसी नेमतों को भुला कर उसके साथ शिर्क किया और अल्लाह से किए हुए अहद को तोड़ा। इस तरह उन्होंने अल्लाह का कुछ नहीं बिगाड़ा, बल्कि अपने ही ऊपर जुल्म किया। उनके तरीके से दूर रहना।

अल्लाह को अपना दोस्त बनाओ, उससे मगफि रत और रहमत मांगो। उसी से इस दुनिया की भलाई भी मांगो और आखिरत की भलाई भी, और उसी की तरफ रुजू करते रहो याद रखो अल्लाह की रहमत उन के लिए है जो अल्लाह की नाराजगी से बचते हैं, जकात (दान) देते हैं और अल्लाह की आयतों (शिक्षाओं) पर ईमान रखते हैं। नबी की पैरवी करो। वह भलाई का हुक्म देते और बुराईयों से रोकते। उन्होंने पाक चीजें हलाल कीं और नापाक चीजें हराम कीं। इन्सानों पर लदे हुए बोझ उतारे और उनकी बेड़ियाँ खोलीं उन पर ईमान लाओ, तुम उनकी हिमायत व नुसरत के लिए कमरबस्ता रहो। उनके मिशन को जारी रखो और उस रौशनी को इख्तियार करो जो उनके साथ उतारी गई। तुम्हारे दरमियान जो लोग बुराई का रास्ता इख्तियार करें उन्हें समझाओ। उनकी हठधर्मी देखकर मायूस न हो, उनको समझाते रहो। रब के सामने अपनी माजरत पेश करने के लिए भी और इस उम्मीद पर भी कि हो सकता है ये लोग तुम्हारी नसीहतों से सुधर जाएँ। तुम को अल्लाह की किताब मिली है उसका पूरा-पूरा हक अदा करो। अल्लाह से झूठी उम्मीदें बांधकर इस दुनिया की रंगीनियों में गिरफ़्तार मत हो जाओ याद रखो आखिरत दुनिया से बहुत बेहतर है, लेकिन वह उनके लिए है जो अल्लाह की नाराजगी से बचते हैं। अल्लाह की किताब पर मजबूती से कायम रहते हैं, नमाज कायम करते हैं और अच्छाई के काम करते हैं।

तुम्हारे रब ने तुम्हारी फि तरत में तौहीद (एकेश्वरवाद) का अहद डाल दिया है, इस अहद को कभी मत भूलो। तौहीद तुम्हारी फि तरत की आवाज है, इस आवाज को दबने मत दो। हमने तुम्हें अपनी आयतें दी हैं ताकि तुमको बुलंदी अता हो। अगर इन आयतों से गाफि ल हुए तो शैतान तुम्हें अपने काबू में कर लेगा और गुमराह कर देगा। इन आयतों को मार्गदर्शन बनाओ अगर अपनी ख़्वाहिशात पर चले तो पस्ती में गिरते चले जाओगे। उस वक्त तुम्हारी मिसाल उस कुत्ते की सी हो जाएगी जो हमेशा हाँफता रहता है।

अल्लाह ही के लिए बेहतरीन नाम हैं, उसको अच्छे नामों से पुकारो। उन लोगों का रास्ता मत इख्तियार करो जो उसके नामों के मामले में सही रास्ते से हट जाते हैं। हक वाला रास्ता बताओ और हक के मुताबिक इंसाफ करो ।

आसमानों और जमीन की व्यवस्था पर और अल्लाह के चमत्कारों पर विचार करो। आखिरत को हमेशा सामने रखो। दरगुजर का तरीका इख्तियार करो, नेकियों की नसीहत करो, नादानों से मत उलझो, अगर शैतान उकसाए तो अल्लाह की पनाह मांगो। अगर शैतान का कुछ साया पड़ जाए तो फौरन चौकन्ने हो जाओ और सही रास्ते पर आ जाओ। यह अल्लाह की किताब दरअसल तुम्हारे रब की तरफ से बसीरत, हिदायत और रहमत है। इससे फायदा वही लोग उठाएंगे जो इस पर सच्चा ईमान रखते होंगे। जब तुम्हारे सामने कुरआन पढ़ा जाए तो तवज्जो से सुनो। अपने रब को आजिजी और खौफ के साथ सुबह व शाम याद करो, कभी दिल ही दिल में और कभी हल्की आवाज से, और गफ़लत को अपने करीब मत फटकने दो । घमंड में आकर रब की इबादत से मुह मत मोड़ो, उसकी तसबीह (महिमागान) करो और उसके सामने सजदा -रेज रहो।

8. सूरह अल-अनफाल

ईमान के तकाजे पूरे करो अल्लाह की नाराजगी से बचो आपस के ताल्लुकात दुरुस्त रखो, अल्लाह और उसके रसूल की इताअत करो। सच्चे ईमान वालों की पहचान यह है कि उनके दिल अल्लाह का जिक्र सुनकर काँप जाते हैं और जब अल्लाह की आयतें उनके सामने पढ़ी जाती हैं तो उनका ईमान बढ़ जाता है। वे अपने रब पर भरोसा रखते हैं, नमाज कायम करते हैं और अल्लाह के दिये हुए माल में से अल्लाह की राह में खर्च करते हैं।

जब तुम्हारा दुश्मनों से मुकाबला हो तो उन्हें पीठ न दिखाओ, यह संगीन जुर्म है अल्लाह और रसूल की इताअत करो और हुक्म सुनने के बाद नाफरमानी न करो। जब रसूल तुम्हें उस चीज की तरफ बुलाए जिसमें तुम्हारी ज़िंदगी है तो अल्लाह और उसके रसूल की जान लो कि अल्लाह तुम्हारे दिल से तुमसे ज्यादा करीब है, इसलिए दिल में मुनाफिकत (कपट) को पलने मत दो। अल्लाह के तुम पर बहुत ज्यादा एहसानात हैं, उसकी नेमतों को याद करो और उसके शुक्रगुजार बनो। अल्लाह और उसके रसूल के साथ खयानत न करो, अपनी ज़िम्मेदारियों में कोताही न करो माल और औलाद आजमाईश की चीज हैं, जो लोग इस आजमाईश में कामयाब होंगे, अल्लाह के यहाँ बहुत बड़े ईनाम से नवाजे जाएंगे ऐ मोमिनों! तकवा (परहेजगारी) इख्तियार करोगे तो अल्लाह तुम्हें सरबुलंद करेगा और तुम्हें अपनी रहमतों व मगफि रत के ताज पहनाएगा। तुम्हारा रब बहुत मेहरबान है

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# 53 वर्षीय व्यक्ति को मारने की सुपारी देने के आरोप में 4 लोग गिरफ्तार किया

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस अपराध शाखा की यूनिट 11 ने इस महीने की शुरूआत में 53 वर्षीय व्यक्ति की हत्या की सुपारी देने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है - जिनमें से दो नाबालिग हैं। 25 वर्षीय नीलेश बच्चू पाटिल, 19 वर्षीय लकी किशोर बिरारे और दो नाबालिगों, जिनका कानूनी कारणों से नाम नहीं लिया जा सकता, ने कथित तौर पर राजेंद्र उत्तमराव मराठे की हत्या कर दी और उनके शव को नंदुरबार में फेंक दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मराठे के दामाद, 35 वर्षीय गोविंद सुरेश सोनार ने कथित तौर पर हत्या को अंजाम देने के लिए आरोपी को 3 लाख रुपये का भुगतान किया था। मराठे, जो अपनी पत्नी के साथ नंदुरबार में रहते थे, 14 मार्च को लापता होने की सूचना मिली थी। उनके लापता होने के बाद उनकी पत्नी ने शहादा पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 16 मार्च को एक जला हुआ शव मिला, बाद में पुष्टि हुई कि वह मराठे का था। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित की बेटी की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की। सोमवार को नंदुरबार पुलिस को सूचना मिली कि संदिग्ध मुंबई से भाग रहे हैं। पुलिस ने यह जानकारी क्राइम ब्रांच को दे दी। पुलिस ने पेप्सी ग्राउंड, गोराई नंबर 2, बोरीवली (पश्चिम) के पास संदिग्धों को गिरफ्तार करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता और मानव खुफिया के संयोजन को तैनात किया। मामले की जांच करने के बाद, पुलिस ने पाया कि सोनार ने हत्या के लिए संदिग्धों को 3 लाख रुपये का भुगतान किया था। इसके अतिरिक्त, एक संदिग्ध के मोबाइल फोन पर अपराध और सबूतों के निपटान को कैद करने वाली एक वीडियो क्लिप मिली। अधिकारियों ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और 45,330 रुपये नकद बरामद किए।




# कला रमेश मेमोरियल अवार्ड 2024 अमूल्या व आर्यन के नाम

## मां उर्मिला जाधव हुई भावुक, रमेश राजारमन व प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स का किया आभार

**मुंबई हलचल/सैयद रिजवान अली**

**मुंबई।** पत्रकारों की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की सदस्य रहीं, चेन्नई निवासी श्रीमति कला रमेश जिनका 2022 में केदारनाथ हेलिकॉप्टर क्रैश में अकस्मात दुखद निधन हो गया था उनकी स्मृति में पिछले वर्ष उनकी जंयती 15 मार्च के उपलक्ष्य में संगठन के बैनर तले उनकी आत्मीय बहन जानी-मानी लेखिका व प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय संगठन महासचिव शशि दीप मुंबई की पहल से एक विशेष सम्मान शुरू किया गया था जिसे समाज के जरूरतमंद बच्चों के माता-पिता को प्रदान किया जाता है।

इस सम्मान के अंतर्गत एक फ्रेम सर्टिफिकेट और 2100 रुपए की धन राशि शामिल है। आशा है इस पहल से जरूरतमंद माता-पिता का मनोबल बढ़ेगा और धन राशि बच्चे के पालन-पोषण पढाई के लिए काम आएगा। गौरतलब हो की स्वर्गीय कला रमेश जी, चिल्ड्रन विथ स्पेशल नीड्स वाले स्कूल में कार्यरत रहीं और वर्षों से ऐसे बच्चों के माता पिता को निस्वार्थ फ्री कॉउंसलिंग प्रदान करती रहीं। इस वर्ष यह विशेष स्मृति भेंट मुम्बई की एक घरेलू सहायता कर्मी नीला अशोक जाधव उर्फ उर्मिला जो कि चार बच्चों की माँ है और उनके दो छोटे बच्चों अमूल्या और आर्यन अभी बहुत छोटे हैं और उनके पति का हाल ही में अकस्मात दुखद निधन हो गया को प्रदान किया गया। इनाम की धन राशि कला रमेश के पति श्री रमेश राजारमन व बच्चों अर्चित (बहू नित्या) संजना (दामाद श्रीराम) की तरफ से भेजा गया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष माननीय डॉ सैयद खालिद कैस जी ने इस नेक पहल के लिए शशि दीप की सराहना करते हुए समर्थन व अनुमति देकर संगठन के माध्यम से ऐसे मानवता के कार्य को समाज में मानवीय संवेदना के प्रति सजग व सचेत रहते हुए गंभीरतापूर्वक कर्तव्य निर्वहन का एक अनुपम उदाहरण बताया है। आशा है इस कार्य से पुण्यात्मा जीवंत हो उठेंगी व समाज को प्रेरणा मिलेगी। शशि दीप के साथ इस नेक पहल के निष्पादन में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सदस्य नलिनी उपासिनी, व मित्रगण अंजलि पाटिल (एक्स बैंकर ऑडिट मैनेजर), रमीला पटेल व आरती चव्हाण ने अपना बहुमूल्य समय देकर कार्य को सफल बनाया।






## रेडक्रॉस द्वारा आपदा पीड़ितों को दी सहायता

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जलगांव।** शहर के औद्योगिक क्षेत्र साईंनगर में पूर्व गैस रिसाव आपदा से प्रभावित परिवारों को रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से दैनिक उपयोगी वस्तु देकर मदद की गई। परिवार आपदा प्रबंधन समिति के अंतर्गत रेडक्रॉस उपाध्यक्ष गनी मेमन, अध्यक्ष विनोद बियानी और आपदा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुभाष सांखला के नेतृत्व में जनसंपर्क अधिकारी उज्वला वर्मा ने पीड़ितों को बर्तन सेट, चटाई, साड़ी, बाल्टी, स्वच्छता किट, तिरपाल आदि से मदद की। भविष्य में रेडक्रॉस द्वारा आवश्यकतानुसार सहयोग करने का भी आश्वासन दिया।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### भूषण गगरानी बने बीएमसी के नए बॉस

इसके बाद मई 2020 में बीएमसी कमिश्नर बनने वाले आईएएस अधिकारी इकबाल सिंह चहल का तबादला कर दिया गया। अब बीएमसी की जिम्मेदारी आईएएस भूषण गगरानी को दी गई है। इकबाल सिंह चहल महाराष्ट्र कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। जबकि भूषण गगरानी 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे। वह शहरी विकास, जल संसाधन और मराठी भाषा विभाग की भी जिम्मेदारी निभा रहे थे। बता दें कि मुंबई नगर निगम के पार्षदों का कार्यकाल 7 मार्च 2022 को समाप्त हो गया है। तब से ही बीएमसी में प्रशासनिक शासन चल रहा है। यानी बीएमसी का सारा कामकाज बीएमसी कमिश्नर संभाल रहे है।

### तस्करों की पहली पसंद बना मुंबई एयरपोर्ट!

डीआरआई की मुंबई जोनल इकाई ने अदीस अबाबा (इथियोपिया) से मुंबई आई दो महिला यात्रियों से लगभग 100 करोड़ रुपये मूल्य की 9.8 किलो कोकीन जब्त की और इंटरनेशनल ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने बताया कि इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा से आई दो महिला यात्रियों को मुंबई के छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद रोका गया। उनके सामान की जांच करने पर बैग से 9.829 किलो कोकीन बरामद हुआ। जिसकी बाजार कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये है। एक अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी महिलाओं ने बताया कि ड्रग्स को दिल्ली और आसपास के इलाकों से चल रहे सिंडिकेट को सप्लाई किया जाना था। विदेशी महिलाओं द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर डीआरआई टीम को सिंडिकेट के अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए दिल्ली भेजा गया। दो महिला यात्रियों के साथ ही इन दोनों आरोपियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। इस सिंडिकेट का जाल इथियोपिया, श्रीलंका और नाइजीरिया तक फैला हुआ है। इस बीच, मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने एक भारतीय नागरिक के पास से 24 तोला सोना जब्त किया है। स्पाइसजेट की फ्लाइट से दुबई से मुंबई आए एक यात्री की पहनी हुई सैंडल में जांच के दौरान 240 ग्राम वजन की 24 कैरेट सोने की चेन मिली। सोने की चेन को बड़ी चालाकी से सैंडल के अंदर छुपाया गया था। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

### महाराष्ट्र में बड़ा हादसा

जिससे बस में सवार लगभग 30 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना की शिकार एसटी बस परभणी के जिंतुर से सोलापुर की ओर जा रहा थी। अधिकारी ने बताया कि बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद बस जिंतूर तालुका के अकोली में एक पुल से नीचे गिर गया। बस पलटने से चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय नागरिकों की मदद से पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कहा कि घायल लोगों को शुरू में जिंतूर में एक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए परभणी शहर के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परभणी के पुलिस अधीक्षक रवींद्रसिंह परदेशी ने कहा, हादसे में लगभग 30 यात्रियों को चोटें आईं। उन सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है।

### महाराष्ट्रः स्कूल शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड का विरोध

इस संबंध में 15 मार्च को सरकारी आदेश जारी किया गया। इसलिए शिक्षकों में नाराजगी है। मुंबई जैसे विश्वस्तरीय शहर में शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू करना गलत है। शिक्षक संघ के मुताबिक, स्कूलों में शिक्षकों के पहनावें को लेकर अभिभावकों-छात्रों या किसी अन्य की ओर से कोई शिकायत नहीं आई है। लेकिन फिर भी शिक्षकों पर एक निश्चित रंग और पोशाक पहनने के लिए दबाव डाला जा रहा है, जो कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन है। साथ ही सरकार के इस फैसले का दुरुपयोग संस्थान और स्कूल के प्रमुख शिक्षकों के खिलाफ कर सकते है। शिवनाथ दराडे ने कहा कि शिक्षा, नैतिकता और समाज के सभी पहलुओं में आधुनिकता आ गई है। ऐसे में किसी को भी विशेष तरीके के कपड़े पहनने के लिए मजबूर किया जाना पसंद नहीं आएगा। इसलिए, शिक्षकों के लिए अनिवार्य ड्रेस कोड को समाप्त किया जाना चाहिए। सरकारी आदेश के अनुसार, महिला शिक्षकों को साड़ी या सलवार, चूड़ीदार, कुर्ता और दुपट्टा जैसा परिधान पहनना होगा और पुरुष शिक्षक पैंट और शर्ट पहन सकते हैं। पुरुष शिक्षक की शर्ट हल्के रंग की और पैंट गहरे रंग का होना चाहिए। शिक्षकों को डिजाइन, भड़कीले रंग, प्रिंट वाली टी-शर्ट, जींस या कोई अन्य शर्ट पहनने की अनुमति नहीं है। साथ ही महिला और पुरुष शिक्षकों को उचित फुटवेयर भी पहनने होंगे।

कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामला

# हाईकोर्ट में कृष्ण कूप पूजा की अर्जी में सुनवाई टली



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शाही ईदगाह स्थित कृष्ण कूप की पूजा की अनुमति के आवेदन पर कोर्ट ने सुनवाई की। शाही ईदगाह और मंदिर पक्ष की तरफ से बहस पूरी हो गई है।

मंदिर पक्ष की तरफ से कृष्ण कूप के पूजा की तस्वीर पेन ड्राइव में मस्जिद पक्ष को दी गई है। मस्जिद कमेटी के वकीलों को इसका जवाब देना होगा। कोर्ट ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग वाले वाद की पोषणीयता को चुनौती देने के संबंध में सुनवाई बुधवार को टाल दी।

### कृष्ण कूप पर पूजा की मांग

एक अन्य वाद में भी हिंदू भक्तों को कृष्ण कूप पर पूजा करने से नहीं रोकने का मुस्लिम समुदाय को निर्देश जारी करने की मांग की गई। इसका भी मुस्लिम पक्ष द्वारा यह कहते हुए विरोध किया गया कि यह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है और आवेदन पोषणीय नहीं है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मुस्लिम पक्ष के उस आवेदन का विरोध किया जिसमें इस मामले में अदालत के 17 जनवरी के आदेश पर न्याय मित्र के तौर पर नियुक्त मनीष गोयल को हटाने की मांग की गई है।

### हिंदू पक्ष ने मांगी बासोड़ा पूजा की अनुमति

वादी आशुतोष पांडेय ने कहा है कि हर साल विवादित संपत्ति परिसर में हिंदू भक्तों द्वारा "बासोड़ा पूजा" की जाती है। इस वर्ष यह पूजा एक अप्रैल 2024 को माता शीतला सप्तमी को और दो अप्रैल 2024 को माता शीतला अष्टमी को पड़ेगी। इन तिथियों पर पूर्व की तरह बासोड़ा पूजा की जानी है, जबकि प्रतिवादी कृष्ण कूप में यह पूजा करने से वादकारियों को रोक रहे हैं।

नई पीढ़ी का 'नया चेहरा': शिवपुरी और जबलपुर केस में शर्मशार होते खून के रिश्ते

# 'बच्चे' ही तोड़ रहे 'भरोसा'

## शिवपुरी की लड़की ने खुद ही रची अपहरण की साजिश, जबलपुर की लड़की कातिल प्रेमी संग भागती फिर रही

शिवपुरी की लड़की ने खुद ही हाथ-पैर बांध अपने फोटो खिंचवाए

जयपुर के स्टेशन पर छात्रा दो लड़कों के साथ दिखी



युवा पीढ़ी किस दिशा में जा रही है इसका अंदाजा हाल ही में हुई दो घटनाओं से लगाया जा सकता है। पहली घटना शिवपुरी की उस लड़की की है जिसके कथित अपहरण और फिरौती के वायरल वीडियो ने सनसनी फैला दी। दूसरी घटना जबलपुर की है,जहां आरोपी लड़की ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पिता और 8 साल के छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। दोनों रफूचक्कर हो गए।

### जबलपुर वाले केस में पुलिस की आठ टीमें आरोपियों की तलाश कर रही

मुंबई हलचल / जबलपुर

सीसीटीवी के फुटेज और पुलिस की जांच में दोनों की करतूत उजाकर हो गई। शिवपुरी की छात्रा की कोटा से किडनैपिंग के मामले में खुलासा हुआ है। छात्रा ने दोस्तों के साथ खुद के अपहरण की साजिश रची थी। वह विदेश जाना चाहती थी। कोटा में नीट की तैयारी कर रही काव्या धाकड़ (20) के अपहरण का मामला सोमवार को सामने आया था। वह शिवपुरी के बैराड़ की है।



शिवपुरी की लड़की दो लड़कों के साथ घूमती दिखी

1 कोटा एसपी ने लड़की की सूचना देने वाले को 20 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की

2 सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल की लोकेशन के आधार पर पुलिस को पता चला है कि जबलपुर की लड़की विशाखापट्टनम के रास्ते में है

### जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर दो लड़कों के साथ दिखी छात्रा

छात्रा को जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर देखा गया था। 18 मार्च का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें वह दो लड़कों के साथ जाती हुई दिखाई दे रही है। कोटा पुलिस भी यहां जांच करने पहुंची है। सीसीटीवी के आधार पर युवती की लोकेशन के बारे में पता लगाया जा रहा है। कोटा एसपी ने लड़की की सूचना देने वाले को 20 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। लेकिन अब इस मामले में खुलासा हो गया है।

शिवपुरी के बैराड़ निवासी रघुवीर धाकड़ ने बताया था कि बेटी को सितंबर 2023 में नीट की तैयारी के लिए कोटा छोड़कर गए थे। विज्ञान नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान में उसका एडमिशन करवाया था। इसी इलाके में उसे रूम भी दिलवाया था। आखिरी बार बेटी दीपावली पर घर आई थी।

### पुणे से होते हुए विशाखापट्टनम रूट पर मिल रही लोकेशन



जबलपुर में पिता और छोटे भाई की हत्या के पांच दिन बाद भी 16 साल की लड़की अपने बॉयफ्रेंड के साथ फरार है। हत्या के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए दोनों लगातार लोकेशन बदल रहे हैं। लड़की के बारे में यह जानकारी भी सामने आई है कि उसने पिता के खिलाफ जाकर आरोपी बॉयफ्रेंड का साथ दिया था। उसी के बयान के आधार पर आरोपी मुकुल सिंह रेप के मामले में 15 दिन बाद ही जमानत पर छूटकर जेल से बाहर आया था। पुलिस को संसाधनों से पता चला है कि वह विशाखापट्टनम के रास्ते में हैं।

भारत मंडपम में किया जा रहा आयोजन, नई दिशा मिलेगी

# उद्यमिता को बढ़ावा देने को तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ का दिल्ली में आगाज

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

स्टार्टअप क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 3 दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ सोमवार से नई दिल्ली,भारत मंडपम में शुरू होने जा रहा है। यह कार्यक्रम से मार्च तक किया जाएगा।



कार्यक्रम के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), बी2बी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाइमेट टेक, गेमिंग,ई-स्पोर्टस,फिनटेक,साथ ही इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए सेक्टर-विशिष्ट मंडप शामिल किए जाएंगे। स्टार्टअप महाकुंभ का लक्ष्य उद्यम पूंजीपतियों, निवेशकों और संभावित कॉर्पोरेट भागीदारों सहित विभिन्न प्रकार के हितधारकों को एक साथ लाकर स्टार्टअप के क्षेत्र में नई दिशा देना है।

### (एआई), बी2बी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाइमेट टेक, गेमिंग, ई-स्पोर्टस,फिनटेक, इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर होंगे शामिल

### तीसरा बड़ा आयोजन, 50 हजार बिजनेस विजिटर आएंगे



सिंह ने बताया कि भारत में यह तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप आयोजन है और हर दिन बड़ी तादात में स्टार्टअप इस सूची में जुड़ रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के भाग लेने की उम्मीद है। इस मेगा इवेंट में 2 हजार से अधिक स्टार्टअप, तीस हजार भावी उद्यमी, 50 हजार बिजनेस विजिटर, हजारों निवेशक और दस देशों के 500 से अधिक इनक्यूबेटर और प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। भारत स्टार्टअप और उद्यमिता को एक वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

### 1000 स्टार्टअप दिखाएंगे अपना इनोवेशन

महाकुंभ' में 1,000 से अधिक स्टार्टअप , 1,000 से अधिक निवेशक , 5,000 भावी उद्यमी और 40 हजार आगंतुक भाग लेंगे। 34 से अधिक डीप-टेक स्टार्टअप नैसकॉम पवेलियन में अपने नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर अपनी भूमिका को बताने महिला नेता भी भाग लेंगी।

### 20देशों के प्रतिनिधि आएंगे

इस कार्यक्रम में दो हजार से अधिक स्टार्टअप, एक हजार से अधिक निवेशक, 300 इनक्यूबेटर, तीन हजार सम्मेलन प्रतिनिधि, 20 से अधिक देश के प्रतिनिधि होंगे।

### यह पिछले आयोजनों से 100 गुना अधिक बढ़ा

सिंह ने कहा कि यह आयोजन इस तरह के पिछले किसी भी आयोजन के मुकाबले 100 गुना अधिक बड़ा है। नीति संवाद इस आयोजन का एक छोटा सा हिस्सा होगा। यह स्टार्टअप की खुशी मनाने, सफलता का प्रदर्शन करने के लिए है। सरकार इस आयोजन के लिए पीछे से एक बड़ी भूमिका निभा रही है। इस कार्यक्रम को एसोचैम, नैसकॉम, बूटस्ट्रैप इनक्यूबेशन एंड एडवाइजरी फाउंडेशन, टीआईई और इंडियन वेंचर एंड अल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन मिलकर आयोजित कर रहे हैं। इस आयोजन को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग , एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब (एमएसएच) और इन्वेस्ट इंडिया का भी समर्थन प्राप्त है।

उद्धव गुट के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता राउत के बिगड़े बोल

# पीएम के गांव के पास हुआ था औरंगजेब का जन्म

## महाराष्ट्र के बुलढाणा में लगाया आरोप, कहा कि वैसी ही सोच है

मुंबई हलचल / मुंबई

उद्धव ठाकरे गुट के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत अकसर बड़बोले बयान देते हैं। कई बार उन्हें इसे लेकर विवादों का भी सामना करना पड़ा है। अब उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर विवादित बयान देते हुए औरंगजेब से उनकी तुलना कर दी है।

महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक कार्यक्रम में राउत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के गांव के पास ही औरंगजेब का जन्म हुआ था। इसलिए पीएम मोदी की औरंगजेब जैसी सोच है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के तहत महाराष्ट्र पर चढ़ाई की जा रही है। संजय राउत जब पीएम मोदी को लेकर यह टिप्पणी कर रहे थे, उस दौरान उद्धव ठाकरे भी मंच पर मौजूद थे।

### औरंगजेब की मानसिकता जैसा हो रहा हमला



राज ठाकरे के भाजपा संग जाने की अटकलों के बीच राउत ने यह टिप्पणी की है। माना जा रहा है कि इसी घटनाक्रम के चलते उद्धव ठाकरे गुट में हलचल की स्थिति है। राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में शिवाजी पैदा होते हैं और गुजरात में औरंगजेब का जन्म होता है। राउत ने कहा कि पीएम मोदी का जहां जन्म हुआ, उसी के पास औरंगजेब पैदा हुआ था। इसीलिए औरंगजेब की मानसिकता के साथ हमारे ऊपर हमला होता है।

### इसके पहले भी दे चुके विवादित बयान

इससे पहले भी राउत कई बार विवादित बयान दे चुके हैं। एक इंटरव्यू में भी उन्होंने कहा था कि औरंगजेब गुजरात में पैदा होते हैं और महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज का जन्म होता है। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था।

### जून 2022 में उनकी पार्टी में ही बगावत हुई

इसके बाद सीएम पद को लेकर दोनों दलों में मतभेद पैदा हो गए थे और उद्धव ने कांग्रेस एवं एनसीपी के साथ सरकार बना ली थी। इसके मुखिया वह खुद बने थे। लेकिन जून 2022 में उनकी पार्टी में ही बगावत हो गई और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 40 विधायकों ने बगावत कर दी। फिर भाजपा के समर्थन से एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बन गए। इस तरह उद्धव ठाकरे के हाथ से शिवसेना भी चली गई। इसके साथ ही सत्ता भी पास नहीं रही।

जज की टिप्पणी से बिफरा हाईकोर्ट

# सीएम योगी की तारीफ वाली टिप्पणी को कर दिया खारिज

मुंबई हलचल / इलाहाबाद

हाई कोर्ट ने मंगलवार को बरेली के अतिरिक्त सत्र जज रवि कुमार दिवाकर की उन टिप्पणियों को खारिज कर दिया। इसमें जज रवि कुमार दिवाकर ने 2010 बरेली दंगे की सुनवाई के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ की सराहना की थी।



न्यायाधीश दिवाकर ने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा था कि धार्मिक व्यक्ति ही योग्य राजा बन सकता है और अच्छे परिणाम दे सकता है।

### कर्नाटक हाई कोर्ट ने डॉग्स की 23 नस्लों के केस में लगाई रोक

कर्नाटक हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार के हालिया सर्कुलर के इम्प्लिमेंटेशन पर रोक दी है। इसमें ह्यूमन लाइफ के लिए खतरनाक 23 नस्लों के कुत्तों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने साफ किया कि यह रोक केवल कर्नाटक राज्य में ही लागू होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया फैसला

# कांग्रेस के बागी विधायकों की अयोग्यता का फैसला बरकरार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के 6 बागी कांग्रेस विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के बागी कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। बागी नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने मामले को अदालत में पेश किया।

सुप्रीम कोर्ट ने बागी नेताओं की उन्हें अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने बागी नेताओं



को अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही वोट देने या सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने से भी इनकार कर दिया। मामले की सुनवाई 6 मई को होगी। दोनों को पक्षों को 4सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करना होगा। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है।

# ट्राई ने जारी की नई गाइडलाइन, उसी नंबर का नया सिम लेने में लगेंगे 7 दिन

## नए नियम एक जुलाई से होंगे लागू

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

टेलीकॉम रेगुलरेटरी ऑथरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने देश के सभी मोबाइल यूजर्स के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। यह गाइडलाइन वास्तव में मोबाइल नंबर पोर्टेबलिटी के लिए है। ट्राई ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से नए नियम के बारे में जानकारी दी है जो कि 1 जुलाई से देशभर में लागू होंगे। ट्राई के मुताबिक नए नियमों की मदद से सिम स्वैप, साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी पर लगाम लगाया जा सकेगा।

ट्राई के नए नियम के मुताबिक यदि आप अपने सिम को स्वैप कराते हैं यानी उसी नंबर से नया सिम लेते हैं तो नंबर को तुरंत पोर्ट कराना संभव नहीं होगा। सिम स्वैप के 7 दिन बाद ही पोर्ट कराया जा सकेगा। आए दिन किसी और के नाम पर नया सिम निकलवाकर लोगों के साथ ठगी की जा रही है। सिम स्वैपिंग स्कैम भी देश में खूब रहा है लेकिन नए नियम से इसे रोकने




में मदद मिलेगी। ट्राई ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी रेगुलशनको भी जारी किया है जिसमें यह नियम है।

### 7 दिन तक नेटवर्क में पोर्ट नहीं

यदि आपने नया सिम कार्ड लिया है तो सात दिन तक आप उसे किसी अन्य नेटवर्क में पोर्ट नहीं करा सकेंगे। ट्राई ने नई गाइडलाइन सिम स्वैपिंग से होने वाले फ्रॉड को लेकर जारी की है।

एमएनपी की सुविधा पहली बार 2009 में दी गई थी। इससे आप फोन नंबर बदले बिना एक-दूसरे नेटवर्क में स्विच कर सकते हैं। इसके लिए आपको उस नंबर से एक मैसेज भेजना होगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## उत्तराखंड हलचल

# देहरादून हवाई अड्डे से एक और शहर के लिए सीधी हवाई सेवाएं, पूरे हफ्ते संचालित होगी उड़ान

**डोईवाला।** देहरादून हवाई अड्डे से विस्तारा एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवाएं आज 21 मार्च से प्रारंभ होने जा रही हैं। यह उड़ान पूरे सप्ताह भर संचालित होगी। बेंगलुरू के लिए हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विस्तारा एयरलाइंस ने यह नई हवाई उड़ान शुरू की है। इससे पूर्व विस्तारा एयरलाइन दिल्ली और मुंबई के लिए संचालित होती थी। जबकि देहरादून हवाई अड्डे से केवल इंडिगो की ही बेंगलुरु के लिए हवाई सेवाएं पूर्व में संचालित




है। अब विस्तारा ने भी अपनी हवाई सेवाओं का विस्तार करते हुए बेंगलुरू के लिए अपनी उड़ान शुरू की है। देहरादून हवाई अड्डे के उपमहाप्रबंधक नितिन कादयान ने बताया कि विस्तारा एयरलाइन की 21 मार्च से प्रतिदिन चलने वाली सीधी उड़ान बेंगलुरू-देहरादून के लिए शुरू करेगी। यह सीधी उड़ान बेंगलुरु से प्रातः 11 बजकर 20 मिनट पर देहरादून के लिए उड़ान भरेगी, जो दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर देहरादून एयरपोर्ट पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर देहरादून एयरपोर्ट से उड़ान भरकर यह शाम 5 बजकर 50 मिनट पर बेंगलुरू वापस पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि नई हवाई सेवा शुरू होने से हवाई यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# पत्नी पर लगाया कई शादियां करने और ब्लैकमेल कर पैसा ऐंठने का आरोप

**देहरादून।** एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर ब्लैकमेल कर आठ लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। यह भी आरोप लगाया है कि पत्नी पहले भी कई व्यक्तियों से शादी कर चुकी है और ब्लैकमेल कर मोटी रकम ऐंठ चुकी है। इस मामले में मुकदमा भी दर्ज है। पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने महिला व उसके स्वजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में पंकज सिंह निवासी कारगी चौक ने बताया कि उसकी शादी अंकिता यादव निवासी सदर बाजार, शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) के साथ 22 अप्रैल-2022 को हुई थी। शादी के बाद अंकिता लगभग 15 दिन ससुराल में रही और इसके बाद झगड़ा कर सारा सामान लेकर मायके चली गई। इसके बाद कई बार अंकिता को वापस लाने का प्रयास किया



गया, लेकिन वह साथ रहने के लिए तैयार नहीं हुई। इस बीच पता चला कि अंकिता व उसका परिवार जालसाजी कर धनी परिवार के लड़कों को फंसाते हैं और दहेज आदि के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर उगाही करते हैं। पंकज सिंह ने बताया कि अंकिता शादीशुदा थी और तलाक लिए बिना ही दूसरी शादी की। आरोप है कि जब इस बारे में बात की तो अंकिता व उसके परिवारवालों ने झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हुए आठ लाख रुपये मांगे। इस पर न्यायालय में तलाक का प्रार्थना-पत्र दिया, लेकिन न्यायालय ने छह महीने का समय दिया। आरोप लगाया कि इस बीच अंकिता ने किसी अन्य व्यक्ति राजीव अरोड़ा निवासी शाहजहांपुर से 30 मार्च 2023 को शादी कर ली और उसे भी ब्लैकमेल किया। राजीव अरोड़ा ने भी अंकिता यादव के खिलाफ शाहजहांपुर में मुकदमा दर्ज कराया हुआ है। पटेलनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमल कुमार ने बताया कि पंकज की तहरीर पर अंकिता यादव व उसके स्वजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के लिए पुलिस टीम जल्द शाहजहांपुर भेजी जाएगी।

# राज्य गठन में भूमिका, फिर भी उत्तराखंड में पनप नहीं सका यह दल, नेताओं की महत्वाकांक्षा पड़ी भारी

मुंबई हलचल/संवाददाता

**देहरादून।** देश के कई राज्यों में क्षेत्रीय दल सत्ता में हैं। कई राज्यों में सत्ता में रहे हैं, लेकिन उत्तराखंड में क्षेत्रीय ताकत के रूप में पहचान रखने वाला उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) हाशिये पर है। वह भी तब, जबकि अलग राज्य आंदोलन में उसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन राज्य गठन के बाद उसके खाते में इसका श्रेय आया ही नहीं। अब स्थिति यह है कि दल अपेक्षित मत प्रतिशत नहीं मिलने के कारण अपना चुनाव निशान कुर्सी भी गंवा बैठा है। उत्तराखंड क्रांति दल अविभाजित उत्तर प्रदेश के समय 25 जुलाई, 1979 को अस्तित्व में आया और उसने अलग राज्य निर्माण आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। राज्य गठन के बाद शुरूआत में कम ही सही, प्रदेश की जनता ने इसे समर्थन दिया। 2002 के पहले विधानसभा चुनाव में दल ने चार सीटें पर जीत दर्ज की, लेकिन इसके बाद यह धरातल पर




अपनी पकड़ गंवाता रहा। 2002 में जहां उसका मत प्रतिशत 5.5 प्रतिशत था, जोकि 2022 में घटकर 1.1 प्रतिशत पर आ गया है। 2007 में उक्रांद ने विधानसभा में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा को समर्थन दिया और सरकार में शामिल हो गया। तब दल के वरिष्ठ नेता दिवाकर भट्ट कैबिनेट मंत्री बने। 2012 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ा दल बना तो उक्रांद उसके साथ हो लिया और फिर सरकार का हिस्सा बन गया। कांग्रेस को समर्थन देकर प्रीतम पंवार ने मंत्री पद संभाला। इन परिस्थितियों में दल को मजबूत करने के स्थान पर नेताओं ने व्यक्तिगत हितों को तरजीह दी। नतीजतन, राजनीतिक अनुभवहीनता और शीर्ष नेतृत्व की महत्वाकांक्षाओं ने एक बड़ी क्षेत्रीय ताकत को रसातल में धकेल दिया। इसके बाद दल कई धड़ों में बंट गया। लंबे इंतजार के बाद दल के शीर्ष नेताओं ने 2017 में सुलह करते हुए विभिन्न गुटों में एका बनाने में सफलता पाई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में परिसंपत्तियों का बंटवारा, स्थायी राजधानी गैरसैंण का सवाल, पलायन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार समेत राज्य से जुड़े मुद्दों को लेकर दल जनता के बीच गया, लेकिन जनता ने इन्हें सिरे से नकार दिया। उक्रांद को मात्र 0.7 प्रतिशत मत ही मिल पाए। जहां तक राज्य गठन के बाद हुए पिछले चार लोकसभा चुनाव में उक्रांद के प्रदर्शन का सवाल है, तो वह अत्यंत कमजोर रहा। 2004 में हुए चुनाव में पार्टी ने चार सीटें पर प्रत्याशी उतारे और उसे 1.6 प्रतिशत वोट मिले।

## बुलडाणा हलचल

# बुलढाणा में शिंदे गुट के उम्मीदवार की जमानत जब्त होगी, मातृतीर्थ सिंदखेडराजा में महायुति पर उद्धव ठाकरे का जोरदार हमला



संवाददाता/अशफाक युसुफ

**बुलढाणा।** शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे आज बुलढाणा लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर आए। सिंदखेड राजा और मेहकर में एक सभा के दौरान उन्होंने शिंदे और भाजपा पर जोरदार तंज किया। उन्होंने सभा से संबंधित करते हुए कहा के मोदी आपकी आय दोगुनी करने वाले थे ना? फसल बीमा योजना मिली? क्या आपको असली बीज भी मिले क्या? जब सभा के दौरान शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने किसानों से ऐसे सवाल पूछे तो भीड़ ने 'नहीं' के नारे लगाए। उसी सूत्र को पकड़कर उद्धव ठाकरे तल्ख हो गए। अगर भाजपा में ही कुछ असली नहीं है तो वे किसानों को असली बीज क्यों देंगे। भाजपा में सभी लोग बाहर से भर्ती किये गये हैं। उद्धव ठाकरे ने जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी का बीज बोगस है। पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही थी। यही वह समय था जब मैंने महाराष्ट्र को हथेली की तरह प्यार किया। सब कुछ बंद था। सिर्फ खेती का काम चल रहा था। किसानों को फसल बीमा, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि अनुदान अभी तक नहीं मिला है। लेकिन दूसरी ओर पहवापट्टी विधायक खोखे की राजनीति जारी रखे हुए हैं। मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलते, ठाकरे के नाम पर वोट मिलते हैं। तो वो उनकी पार्टी चुरा लेते थे, उनका चुनाव चिन्ह चुरा लेते थे। लेकिन लोग इस नकलीपन को समझने में नाकाम रहे हैं। इसलिए, उद्धव ठाकरे ने भरोसा जताया कि जनता अब इन ठगों को सबक सिखाएगी। मोदी ने खाद डाली तो फसलें गद्दारों की ही पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि बुलढाणा में शिंदे गुट के उम्मीदवार की जमानत जब्त हो जायेगी।

# एसटीएफ के छापे में आगरा से चोरी एक करोड़ की सुपारी के साथ कानपुर में चार गिरफ्तार

**कानपुर।** पान मसाला निर्माण को लेकर चर्चित कानपुर में लगभग एक करोड रुपए मूल्य की2400 किलोग्राम सुपारी बरामद की गई है। 350 बोरों में भारी यह सुपारी आगरा से चुराई गई थी ,जिसे यहां पनकी थाना क्षेत्र की एक गोदाम पर छापा मार कर एसटीएफ ने बरामद किया। साथ ही करोड़ों सुपारी की इस चोरी में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। जिन्हें एसटीएफ अपने साथ आगरा भी ले गई है। जहां के सईया कोतवाली क्षेत्र से सुपारी लदे ट्रक को चुराकर कानपुर लाया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक बेंगलुरु निवासी कान्ताराजू एसआर ने 16 फरवरी 2024 को आगरा की सैंया कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को उन्होंने बताया कि पांच फरवरी को ट्रक से लायन ट्रांसपोर्ट के जरिये 350 बोरी सुपारी भेजी गई थी। यह माल गंतव्य तक नहीं पहुंचा। शिकायतकर्ता ने नूह निवासी ट्रक मालिक मो इब्राहिम और ट्रक चालक आशिफ को नामजद किया था। ट्रक में चालक का साथी सब्बीर भी था, जोकि ट्रक के मालिक का पड़ोसी है। मोबाइल सर्विलांस की मदद से एसटीएफ आगरा के निरीक्षक यतींद्र शर्मा और हुकुम सिंह की टीम ने पनकी पुलिस के सहयोग से मंगलवार शाम पनकी के साइट एक स्थित गिरिराज ट्रेडर्स में छापा मारा। एसटीएफ को मौके से 350 बोरों में भरी 24,500 किलोग्राम चोरी गई सुपारी मिली है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ‘चीख - महिला तस्करी के खिलाफ एक आवाज’ सफलतापूर्वक संपन्न

















**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में स्थित, जय हिंद कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपना प्रमुख परियोजना ‘चीख - महिला तस्करी के खिलाफ एक आवाज’ सफलतापूर्वक किया। महिलाओं की तस्करी को मध्य नजर रखते हुए क्लब के सदस्यों ने अंधेरी, बांद्रा और छत्रपति शिवाजी महाराज स्टेशन पर, साथ ही इनफिनिटी मॉल, मलाड और विवियना मॉल, थाने में जाकर, वहां के दर्शकों के सामने अपने फ्लैशमॉब की प्रस्तुति की। छात्रों ने प्रस्तुति द्वारा महिलाओं की तस्करी के विषय पर ध्यान आकर्षित किया, 4 दृश्यों द्वारा नाटक और नृत्य की प्रस्तुती दी। पहले दृश्य में एक लड़की का अपहरण कर उसे वेश्यालय में बेचा गया, दूसरे दृश्य में एक दासी की छोटी छोटी गलतियों से तंग आकर, उसकी मालकिन ने उसे वेश्यालय में बेचा, तीसरे दृश्य मैं दशार्या गया की कैसे एक लड़की को अपने प्रेम में उलझा कर, एक लड़के ने कुछ पैसों के लिए उसकी तस्करी की. अंत में, तीन लड़कियां वैश्यालय में पहुछती है, जहां औरत ही औरत का धंधा करती है। चौथे दृश्य का दृश्य था, एक लड़के का वेश्यालय आकर एक लड़की को खरीदना, जिसकी कई विंतियों को अनसुना कर, मालकिन ने बेच दिया, और खरीददार ने भी उतनी ही निष्ठुरता से उसकी पुकारों को अनसुना कर, उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया और जब उसने सफलता नहीं पाई, तो उस लड़की को वेश्यालय में वापस देकर, अपने पैसे लेकर लौट आया।

इसके साथ, नाटक का अंत हुआ, और नृत्य द्वारा प्रस्तुति को आगे बढ़ाया गया। नृत्य के रूप में इन शोषित लड़कियों की अंतरात्मा उन्हें मजबूत होकर लड़ने के लिए प्रेरित करती है और दर्शाती है की किस तरह वो अपने हक की लड़ाई लड़ने के काबिल है। नृत्य के संगीत द्वारा यह भी दर्शाया गया की किस प्रकार अगर लड़कियां एक जुट होकर हिम्मत दिखाएंगी, और सामना करेगी, तो वो इन घोर अपराधियों का अंत कर सकती है। इस वर्ष में विशेषता से यह दशार्या गया की सिर्फ मर्द ही नहीं बल्कि औरतें भी इस कार्य में समान रूप से भागीदारी है, और वही अन्य महिलाओ का शोषण करती है, और कैसे जब एक मर्द उनका मनचाहा न मिलता है, जब उनकी इच्छा अनुसार कार्य नही होते हैं, तो वह अपनी बात मनवाने के लिए शारीरिक हानि भी पहुंचने से नही कतराते। साथ ही साथ, एक 'SHORT FILM' बनी जिसका विषय था महिलाओ के साथ होने वाली दुर्व्यहार. यह फिल्म भी यूट्यूब पर पोस्ट की गई थी और इसी विषय पर अधिक ध्यान केंद्रित करने, खास कर युवाओं के ध्यान केंद्रित करने के लिए, एक ओपन माइक भी रखा गया था, जहां कविता, भाषण और कई और प्रकारों से युवाओं ने इस विषय पर अपना मत रखते हुए अपने मन की बात जाहिर की। इस तरह RCJC ने अपना चौथा फ्लैगशिप प्रोजेक्ट फ्लैगशिप सफलतापूर्वक पूरा किया।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# वरुण ने भरी महफिल में खोला करण का राज

**फिल्म** स्टूडेंट आफ द ईयर से फिल्मकार करण जौहर ने वरुण धवन को लांच किया था। उसके बाद करण निर्मित फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया, हंप्टी शर्मा की दुल्हनिया जैसी फिल्मों में वरुण ने रंग जमाया। करण को वरुण अपना गुरु मानते हैं। सार्वजनिक तौर पर यह जताने में वह पीछे नहीं रहते। मंगलवार को मुंबई में अमेजन प्राइम वीडियो ने आगामी दो वर्षों के लिए कंटेंट की सूची जारी की। इसमें विभिन्न भाषाओं में लगभग 70 वेब सीरीज और फिल्में शामिल हैं। समारोह की मेजबानी करण जौहर के हाथों में रही। प्राइम वीडियो के समारोह में अमेरिकन शो सिटाडेल के भारतीय संस्करण सिटाडेट हनी बनी की घोषणा के दौरान शो के क्रिएटर्स राज एंड डीके (राज निदिमोरु और कृष्णा डीके) के साथ कलाकार वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु मौजूद रहे। इस शो से डिजिटल प्लेटफार्म पर डेब्यू करने वाले वरुण ने स्टेज पर आते ही करण के पैर छुए। वरुण ने कहा, हर किसी को करण के पैर छूने चाहिए। करण ने इस पर कहा, नहीं, मुझे यहां पर उम्रदराज नहीं लगना है। मैं पहले से ही मिड लाइफ क्राइसेस से गुजर रहा हूं। मुझे फिर से याद दिलाने की जरूरत नहीं है। इस पर वरुण ने कहा, आपको अहसास नहीं होगा कि करण की उम्र कितनी है, क्योंकि वो डमेटीलाजिस्ट के पास जाकर चेहरे पर काम करवा लेते हैं। इस पर करण ने कहा कि मैं उनमें से नहीं हूं। वरुण धवन ने सिटाडेल का हिस्सा बनने के बारे में बताते हुए कहा, द फैमिली मैन 2 देखने के बाद मैंने डीके को फोन किया था। मैंने कहा कि आपके काम का फैन हूं, आपके साथ कैसे काम कर सकता हूं। इस पर डीके ने कहा कि अभी सीक्रेट है, लेकिन हम रूसो ब्रदर्स (फिल्म एवेंजर्स : एंड गेम के निर्देशक) के साथ काम कर रहे हैं। मैंने पूछा कि सुपरहीरो या एवेंजर्स जैसा कुछ बना रहे हो क्या? डीके ने कहा कि मैं बता नहीं सकता। बाद में दोनों साथ में जुड़े।



# बॉबी देओल की फिल्म सोलजर का बनेगा रीमेक!

**बॉबी** देओल का कमबैक शानदार रहा है। रेस 3, हाउसफुल 4, एनिमल जैसी फिल्मों के अलावा आश्रम नामक उनकी वेबसीरिज भी सुपरहिट रही। सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरिज आश्रम ही रही। एक बार फिर बॉबी के करियर में उछाल आ गया है और फिल्म निमार्ताओं के बीच उनकी मांग बढ़ गई है। इस बात से डैड धर्मेन्द्र और भाई सनी देओल काफी खुश हैं क्योंकि जब बॉबी के पास काम नहीं था और वे डिप्रेशन में आ गए थे और शराब के प्याले में उन्होंने अपने आपको डूबो लिया था। खुद बॉबी को एक दिन शर्मिंदगी महसूस हुई और उन्होंने फिर से करियर संवारने का फैसला किया और नतीजा सामने है। खबर है कि बॉबी की बढ़ती डिमांड को देख उनकी सुपरहिट फिल्म सोलजर के सीक्वल का प्लान बनाया जा रहा है। यह फिल्म 1998 में रिलीज हुई थी और उस वर्ष बॉक्स ऑफिस पर सर्वाधिक कलेक्शन करने वाली फिल्मों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर रही थी। सोलजर में बॉबी के अलावा प्रीति जिंटा, राखी, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, सुरेश ओबेरॉय, आशीष विद्यार्थी जैसे कलाकार थे। अब्बास-मस्तान ने अपनी चिर-परिचित शैली में थ्रिलर बनाई थी। फिल्म में संगीत अनु मलिक का था और कई गाने हिट रहे थे। सूत्रों के अनुसार सोलजर का सीक्वल पर फिलहाल विचार चल रहा है और सभी पहलुओं पर गौर कर ही आगे बढ़ा जाएगा। बॉबी और प्रीति के अलावा कुछ नए चेहरे भी जोड़े जाएंगे।

# कंगना का लोकसभा चुनाव लड़ना तय?

**लोकसभा** चुनाव की तारीखों के एलान के बाद से ही हलचलें तेज हैं। बीजेपी हिमाचल से अभिनेत्री कंगना रनौत को टिकट दे सकती है। उन्हें हिमाचल की मंडी सीट से टिकट दिया जा सकता है। कंगना भी चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुकी हैं। उन्हें मंडी से टिकट की मजबूत दावेदारों में गिना जा रहा है। बीजेपी हिमाचल प्रदेश की चार में से दो सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी है। दो सीटें कांगड़ा और मंडी बची हैं। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी मंडी सीट से उम्मीदवारी के लिए जिन नामों पर विचार कर रही है उनमें कंगना रनौत का भी नाम है। बता दें कि बीजेपी अब तक दो लिस्ट जारी कर 267 उम्मीदवारों के नाम का एलान कर चुकी है। तीसरी लिस्ट भी जल्दी ही आ सकती है। इसके लिए 20-21 मार्च की तारीख बताई जा रही है। इनमें कंगना रनौत का भी नाम हो सकता है। चुनाव को लेकर एबीपी न्यूज ने कुछ ही दिन पहले कंगना से बात की थी। उन्होंने कहा था, मैं पार्टी (बीजेपी) की प्रवक्ता नहीं हूं। यह ऐलान करने के लिए यह सही जगह और समय नहीं है...और अगर ऐसा कुछ होता है तो इसका ऐलान पार्टी अपने हिसाब से और सही समय, सही जगह पर करेगी।

